From

Director Higher Education, Haryana,
Shiksha Sadan, Sector-5, Panchkula.

To

1. The Vice-Chancellor (s) of State/Private Universities (under Ambit of Higher Education) in Haryana
2. The Principals of Govt. Colleges in the State of Haryana
3. The Principals of Govt. Aided Colleges in the State of Haryana
4. The Principals of Self Financed Colleges in the State of Haryana

Memo No. 9/115-2023 Co.(3)
Dated Panchkula, the 14/01/2025

**Subject:** स्वामी विवेकानंद जयंती (12 जनवरी 2025) से महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती (12 फरवरी 2025) तक आयोजित होने वाले हर घर परिवार सूर्यनमस्कार अभियान में अधिकतम भागीदारी हेतु दिशा– निर्देश जारी करने बारे।

********

Kindly refer to your letter No. EoDB/2024/136-A, dated 07.01.2025 on the subject cited above.

A copy of letter No. HYA/HRY/2024/2942, dated 24.12.2024 received from Registrar of Chairman, Haryana Yog Aayog is forwarded with a request to follow the instruction mentioned in the letter and to provide the information in below mentioned google link:-

https://forms.gle/ZCVuWP1Jcifmn5ZM9

14/1/25
Joint Director Co-ordination
for Director Higher Education,
Haryana, Panchkula

IT cell to upload

JDC IT (OL)
Supdt (IT)
14/1/25
14/01/25

# हरियाणा योग आयोग

(Under the aegis of Department of Health, Family Welfare and AYUSH, Haryana)
Office: AYUSH Bhawan, Sector-3, Panchkula-134109 (Haryana), India
Email : haryanayogaayog@gmail.com, Phone: 0172-2930301
Five World Records Including Guinness Book of World Record Holder. Organization

हरियाणा योग आयोग

सेवा में,

माननीय निदेशक महोदय,
उच्चतर शिक्षा विभाग,
हरियाणा।

पत्र संख्या : एच०वाई०ए०/ एच०आर०वाई०/2024/२१५२ दिनांक : २५/१२/२०२४

**विषय : स्वामी विवेकानंद जयंती (12 जनवरी 2025) से महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती (12 फरवरी 2025) तक आयोजित होने वाले "हर घर परिवार-सूर्यनमस्कार" अभियान में अधिकतम भागीदारी हेतु दिशा-निर्देश जारी करने बारे।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में उल्लेख है कि गत तीन वर्षों की भांति इस वर्ष 2025 में भी **"सूर्यनमस्कार अभियान"** कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा योग आयोग, हरियाणा सरकार द्वारा किया जाना निर्धारित किया गया है। आम-जन के स्वास्थ्य एवं संवर्धन के लिए वर्ष 2025 में स्वामी विवेकानंद जयंती (12 जनवरी 2025, रविवार) से महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती (12 फरवरी 2025, बुधवार) के मध्य में हरियाणा योग आयोग सूर्यनमस्कार अभियान का आयोजन करने जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि गत वर्षों में हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वृहद स्तर पर आयोजित हुए इन कार्यक्रमों का श्रेय आयुष विभाग, शिक्षा विभाग (प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर), खेल विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जेल विभाग, अर्धसैनिक बल (ITBP, CRPF), सेना, राष्ट्रीय/प्रान्त स्तरीय योग संस्थाएं, प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन (Reg.) के साथ-साथ प्रमुख सामजिक एवं युवा संस्थाओं को जाता है।

आपके विभाग का पूर्व में भी पूर्ण सहयोग रहा है, इस बार भी हमें आपके पूर्ण सहयोग की आशा एवं अपेक्षा है। इस कार्यक्रम का आयोजन राज्य, जिला, ब्लॉक एवं ग्रामीण स्तर पर किया जाएगा ताकि घर -घर तक योग एवं सूर्यनमस्कार द्वारा स्वास्थ्य संवर्धन के हरियाणा सरकार के लक्ष्य को पहुँचाया जा सके, जिसमें महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस संबंध में आपसे निवेदन है कि आपके विभाग के साथ-साथ सभी सरकारी, गैर- सरकारी महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, पॉलिटेक्निक,NIT द्वारा सूर्यनमस्कार वेबसाइट **suryanamaskarharyana.in** पर अधिकतम पंजीकरण करवाया जाए ताकि गत वर्षों की भांति अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

**सूर्यनमस्कार अभियान में पंजीकरण एवं भागीदारी हेतु निम्न दिशा – निर्देशों का पालन किया जाए :-**

**Step 1: suryanamaskarharyana.in** वेबसाइट पर व्यक्तिगत अथवा संस्थागत पंजीकरण।

**Step 2 :** संगीतमय सूर्यनमस्कार के प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व करने के लिए योग क्लब के इंचार्ज को जिम्मेदारी दें।

**Step3:**Training Video Link: https://youtu.be/onP_jtcrlqM?si=FqUkR25F1d3_u7RH

**Step 4:** वेबसाइट पर व्यक्तिगत पंजीकरण करने पर व्यक्ति के नाम से सर्टिफिकेट प्राप्त होगा एवं संस्थागत पंजीकरण करने पर संस्था के नाम से सर्टिफिकेट प्राप्त होगा।

**Step 5:** महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त व्यक्ति पूर्ण रिपोर्ट डालें, जिसमें उल्लेखित किया जाए कि कितने प्रतिभागियों की भागीदारी हुई है, प्राचार्य/रजिस्ट्रार इसे Cerified करें तथा उसे वेबसाइट पर अपलोड करें।

**Step 6:** 12 जनवरी 2025 से 12 फरवरी 2025 तक किन्हीं भी 6 दिनों में प्रतिदिन 15 मिनट में 12 बार सूर्यनमस्कार का अभ्यास करवाया जाए, वेबसाइट पर टिक किया जाए एवं प्रतिदिन का एक फोटो एक विडियो स्वयं के सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से डाला जाए एवं हरियाणा योग आयोग को टैग किया जाए, साथ ही #Suryanamaskar_Haryana हैसटैग का प्रयोग किया जाना अनिवार्य है।

**Step 7:** प्रेस नोट जारी करें।

**Step 8:** उच्चतर शिक्षा विभाग एवं हरियाणा योग आयोग को रिपोर्ट करना (haryanayogaayog@gmail.com).

**नोट: पंजीकरण संबंधी संक्षिप्त दिशा-निर्देश की प्रति संलग्न है।**

धन्यवाद !

रजिस्ट्रार
*कृते: चेयरमैन*
हरियाणा योग आयोग